-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 22.12.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना बबेरु क्षेत्र अन्तर्गत मुरवल में दिनांक 18.12.2024 को बरामद युवती के शव की घटना का थाना बबेरु पुलिस द्वारा किया गया सफल अनावरण। घटना में शामिल मौसेरे भाई को किया गया गिरफ्तार।**
- **मृतका के सगे व मौसेरे भाइयों व मामा ने ही गला दबाकर की थी युवती की हत्या। दिनांक 18.12.2024 की रात्रि युवती की हत्या कर मुरवल के पास गड़रा नदी पुल के नीचे शव को दिया था फेंक।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बबेरु क्षेत्र में दिनांक 18.12.2024 को बरामद युवती के शव की घटना का थाना बबेरु पुलिस द्वारा सफल अनावरण करते हुए आज दिनांक 22.12.2024 को घटना में शामिल मृतका के मौसेरे भाई को गिरफ्तार कर लिया गया जबकि घटना में शामिल मृतका के सगे भाई व मामा फरार है जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गौरतलब हो कि दिनांक 18.12.2024 को थाना बबेरु क्षेत्र के ग्राम मुरवल के पास गड़रा नदी पुल के नीचे एक युवती का शव बरामद हुआ था जिसके संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना बबेरु में अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किए जा रहे थे। पुलिस द्वारा सघन जांच एवं सर्विलांस की मदद से घटना का पुलिस द्वारा अनावरण करते हुए घटना में शामिल मृतका के मौसेरे भाई को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि मृतका उसकी मौसेरी बहन थी व उसका एक शादीशुदा व्यक्ति से प्रेम सम्बन्ध था जिसका विरोध किया गया जब वह नहीं मानी तो दिनांक 18.12.2024 की रात्रि को गला दबाकर हत्या कर शव को थाना बबेरु क्षेत्र के ग्राम मुरवल के पास गड़रा नदी पुल के नीचे फेक दिया था।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. शिवप्रताप सिंह उर्फ छोटू पुत्र रामसुमेर सिंह निवासी अधावं थाना महेवाघाट जनपद कौशाम्बी। **(मृतका का मौसेरा भाई)**

वांछित/फरार अभियुक्त-

2. उदयभान उर्फ प्रदीप पुत्र महेश निवासी बजहापुरवा मजरा मऊ थाना मरका जनपद बांदा।**(मृतका का सगा भाई)**
3. भुजबल पुत्र विजय बहादुर निवासी पूरब शरीरा थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी।**(मृतका का मामा)**

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0स0 260/24 धारा 103(1)/238 बीएनएस थाना बबेरु जनपद बांदा।

गिरफ्तार करने वाली टीम

1. प्र0नि0 अतिरिक्त थाना बबेरु श्री शिवशंकर यादव
2. कां0 राहूल साहू